पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
-------

**राज्यपाल ने राजभवन परिसर में आयोजित**
**श्री कृष्ण जन्मोत्सव में भाग लिया**
-----

लखनऊ: 26 अगस्त, 2019

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन परिसर स्थित मंदिर में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह में उपस्थित होकर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात् राज्यपाल ने मथुरा से आये श्री गिरिराज कृष्ण सांस्कृतिक कला समिति के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालूगण उपस्थित थे।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह में कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना, कृष्ण रास लीला सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उल्लेखनीय है कि राजभवन परिसर में स्थापित मंदिर में पिछले 23 वर्षों से लगातार श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह का विशेष उल्लास से यहां के कर्मचारियों द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर श्री गिरिराज कृष्ण सांस्कृतिक कला समिति के सदस्यों ने राज्यपाल को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

-----

अंजुम/दिलशाद/राजभवन (34/27)

श्री केशव दास